उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

राज्य निर्वाचन परिसर, बाईपास रिंग रोड, देहरादून।

दूरभाष / फैक्स–0135–2669658 ई–मेल–chayanayog@gmail.com

संख्याः 489 / परीक्षा–अधियाचन / 2021 देहरादूनः दिनांक 16 अगस्त, 2021

विज्ञप्ति / शुद्धि–पत्र

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विभिन्न विभागों / निकायों के मानचित्रकार / सर्वेयर पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने हेतु विज्ञापन संख्याः 35 / उ0अ0से0च0आ0 / 2021 दिनांक 26 जुलाई 2021 प्रकाशित किया गया है जिसमें सभी पदों के लिए आयु सीमा 18 वर्ष से 42 वर्ष निर्धारित है।

राज्य सरकार (कार्मिक एवं सतर्कता विभाग) के शासनादेश दिनांक 26 जुलाई 2021 द्वारा वैश्विक महामारी कोविड–19 के कारण कतिपय अभ्यर्थियों के निर्धारित आयु सीमा पूर्ण करने से आवेदन हेतु पात्रता से वंचित रहने के दृष्टिगत समूह 'ग' के पदों पर चयन वर्ष 2021–2022 में संगत सेवा नियमावली में उल्लिखित अधिकतम आयु सीमा में एक वर्ष की छूट प्रदान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार उक्त विज्ञापन में उल्लिखित ऊपरी आयु सीमा में 01 वर्ष की छूट प्रदान की जाती है इस प्रकार आयु गणना की तिथि 01 जुलाई, 2021 को अभ्यर्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 43 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 01 जुलाई, 2003 के पश्चात तथा 01 जुलाई 1978 से पूर्व का नही होना चाहिए।

उक्त के अतिरिक्त विज्ञापन संख्याः 35 / उ0अ0से0च0आ0 / 2021 दिनांक 26 जुलाई, 2021 के शेष प्राविधान यथावत रहेंगे।

(संतोष बडोनी)
सचिव।